प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा में प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का उत्तकर देते हुए जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि जल–जीवन मिशन के तहत देशभर में ग्रामीण क्षेत्रों के 77 प्रतिशत से ज्यादा घरों में नल का जल उपलब्ध कराया गया है। वर्ष 2019 में यह योजना शुरू की गई थी और अब तक 15 करोड घरों को नल का जल उपलब्ध कराया गया है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित छोटानागरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया है, जिसमें सुरक्षाबल का एक अधिकारी घायल हो गया है। घटना के बाद घायल दारोगा को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों के जवान इलाके में सर्च अभियान चला रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया।

****

बोकारो जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बेरमो अनुमंडल के ललपनिया के लुगू पहाड़ी में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली विवेक के बंकर को ध्वस्त कर दिया है। बंकर से रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के अलावा नक्सली पत्रिका, नक्सल पोस्टर समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

राज्य सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी में बदलाव किया है। राज्य कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि अब इस योजना के तहत आवेदन ऑफलाइन भी लिये जायेंगे। एसओपी में मतदाता पहचान पत्र की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गयी है।

****

देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा अभियान शुरू किया गया है। नगर आयुक्त श्री राहुल सिंहा के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा चली इस अभियान में अभी तक दर्जन भर आवारा पशुओं को पकड़ कर सुरक्षित तरीके से गौशाला भेजा गया। नगर आयुक्त ने पशुपालकों से अपील की है कि अपने जानवर को सड़क पर न छोड़े।

****

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने पलामू सहित राज्य के बिजली उपभोक्ताओं से अगले दो दिनों तक बिजली बिल का भुगतान नहीं करने की अपील की है।

****

देवघर स्थित श्रावणी मेले में हर दिन बड़ी संख्या में कांवरिया आ रहे हैं। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि 16 दिनों में साढ़े सताइस लाख कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक किया है।

****

चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के मोरशेरवा पहाड़ी में तीन दिवसीय सावन सप्तमी महोत्सव के पहले दिन कल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। अगले दो दिनों के दौरान भोलेनाथ को जलभिषेक और अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

****

राज्य में अगले तीन दिनों तक मानसून के सक्रिय रहेगा। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब भी कायम है। इस कारण राज्य में 11 अगस्त तक अच्छी बारिश हो सकती है।

****

पेरिस ओलिंपिक में विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। वे आज रात एक बार फिर इतिहास रच सकते हैं। वहीं, पुरूष हॉकी टीम आज शाम ओलिंपिक के कांस्य पदक मैच में स्पेन के साथ भिड़ेगी।

****

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिम्पिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वजन बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित कर दिए जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है।

****

इससे पहले विनेश फोगाट ने अयोग्य घोषित किए जाने के खिलाफ कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स–सीएएस में अपील दायर की है। उन्होंने सीएएस से मांग की है कि उन्हें संयुक्त रूप से रजत पदक दिया जाये।